विधानसभा / महत्वपूर्ण

कार्यालय संचालक
संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, e-mail-dirfood.cg@gov.in, website- https://fcs.cg.gov.in)

क्रमांक 524 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 25/02/2026

प्रति,

1. **प्रबंध संचालक,**
   छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.
   अटल नगर, नवा रायपुर
2. **प्रबंध संचालक,**
   अपेक्स बैंक,
   अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.
3. **कलेक्टर**
   जिला – बलौदाबाजार–भाटापारा,
   छत्तीसगढ़

विषय :–विधानसभा प्रश्न क्रमांक 2375 तारांकित द्वारा श्री इंद्र साव, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।

---00---

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 2375 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 28/02/2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

संलग्न–उपरोक्तानुसार

सहायक संचालक
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 525 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 25/02/2026

प्रतिलिपि :–

खाद्य अधिकारी, जिला– बलौदाबाजार–भाटापारा, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सहायक संचालक
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **09/03/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **16/03/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत पंजीकृत किसानों से धान खरीदी**

(**तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **2375**) **श्रीइंद्र साव**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत धान खरीदी हेतु कितने किसानों का पंजीयन हुआ था ? पंजीयन उपरांत कितने धान खरीदी हेतु टोकन जारी किये गये थे ? धान खरीदी प्रारंभ दिनांक से धान खरीदी हेतु नियत तिथि तक कितने पंजीकृत किसानों का धान खरीदा गया है तथा कितने पंजीकृत किसानों का धान नहीं खरीदा गया है ? धान खरीदी केंद्रवार तथा विकासखण्डवार जानकारी बताएं ? (ख) प्रश्नांश 'क' के कितने पंजीकृत किसानों की धान खरीदी नहीं हो पाई है, विकासखण्डवार जानकारी दें तथा इन किसानों की धान खरीदी के लिए शासन की क्या व्यवस्था है बताएं ? (ग) जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में ऐसे कितने पंजीकृत किसान हैं, जिन्हें धान बेचने हेतु टोकन प्राप्त होने के उपरांत भी धान की खरीदी नहीं की गई हैं?

Sent From : vidhan | **Sent Date :** 25/02/2026 10:40:15 |

Remark :